# जय माँ डाट काली | By Rajeev Rajsthani

दर्शन दे माँ डाट काली
मेरी भी भर दे झोली खाली

तेरे दर की ये शान निराली
जय माँ डाट काली, जय माँ डाट काली
तुमने कितनो की लाज बचा ली
जय माँ डाट काली, जय माँ डाट काली

देहरादून की रानी मैया करती दूर अँधेरे
अंग संग रहती है भगतों के कोई जवाब नई तेरे
दर से कोई भी जाए ना खाली
जय माँ डाट काली, जय माँ डाट काली

सबसे पहले बिराज रहे हैं बजरंग बलि हनुमंता
थोड़ी दूर है माँ भद्रकाली हर लेती सब चिंता
गुफा पार है माँ घाटे वाली
जय माँ डाट काली, जय माँ डाट काली

राजीव ने जग तारण मैया आपसे अरज लगाईं
जब जब संकट आया है मुझ पर तो माँ दौड़ी आई
अर्पण लाया है भेंट की थाली
जय माँ डाट काली, जय माँ डाट काली

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%a1%e0%a4%be%e0%a4%9f-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-by/